विषय: 24 फरवरी 2026 को 75वें क. रा . बी. निगम के स्थापना दिवस के आयोजन संबंधी ।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर द्वारा दिनांक **24 फरवरी 2026 (मंगलवार)** को 75वाँ स्थापना दिवस डॉ एल. आर. वांडीकर, चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निगम की सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की 75 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को रेखांकित किया गया। कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार निम्नानुसार किया गया:

1. सेमिनार / जागरूकता शिविर

स्थान: कनोरिया केमिकल, जीआईडीसी अंकलेश्वर

विषय: जन-जागरूकता, स्वास्थ्य वार्ता एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) शिक्षा

- बीमित व्यक्तियों एवं आमजन को ईएसआईसी की योजनाओं एवं लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।
- स्वास्थ्य जागरूकता हेतु विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया।
- बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) का प्रशिक्षण/प्रदर्शन आयोजित किया गया।

संबंधित अधिकारीगण:

- डॉ एल. आर . वांडीकर, चिकित्सा अधीक्षक
- डॉ आर्केश शाह, सहायक चिकित्सा अधीक्षक
- श्री विनोद कुमार, सहायक निदेशक
- श्री हनुमान प्रसाद, शाखा प्रबंधक, डीसीबीओ अंकलेश्वर
- श्री सुरेश वेलारी, अस्पताल प्रबंधक
- श्री केतन देवरे, एचआर हेड (कनोरिया केमिकल, जीआईडीसी अंकलेश्वर)

2. आंतरिक (संस्थान में) स्वास्थ्य जांच शिविर

स्थान: अस्पताल परिसर, ओपीडी, क.रा. बी. निगम अस्पताल,अंकलेश्वर

विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों (IP) के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।







3 . परिसर स्वच्छता अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम

- 24 फरवरी को आयोजन दिवस पर अस्पताल में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पौधों का रोपण किया गया।
- कार्यालय कक्षों, ओपीडी, प्रतीक्षालय एवं परिसर के आसपास के क्षेत्रों की समुचित सफाई सुनिश्चित की गई।
- अस्पताल/चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता मानकों के पालन पर विशेष बल दिया गया।
- अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

4 . भवन/अस्पताल अलंकरण

- स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अस्पताल को आकर्षक एवं सुसज्जित प्रकाश से अलंकृत किया गया।

75वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रम निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम गरिमामय एवं प्रभावशाली रहा। इस अवसर ने ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।